संयुक्त निदेशक का कार्यालय
बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र,
जल संसाधन विभाग, अनिसाबाद पटना ।

कोटेशन आमंत्रण सूचना

संख्या-WRD/FMISC/NHP-B(SW)/IFQ/01/2016-17 पटना दिनांक– 06/03/2017

नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट (NHP), Bihar Surface Water Component के कार्यान्वयन हेतु निबंधित संवेदकों/आपूर्तिकर्त्ताओं/वाहन मालिकों से तीन अद्द स्कॉरपियो वाहन दैनिक/मासिक भाड़े पर परिचालन हेतु सभी कर सहित मुहरवंद कोटेशन अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित किया जाता है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

1. कोटेशनकर्त्ताः– संयुक्त निदेशक, बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, पटना ।
2. कोटेशन प्राप्ति का स्थानः– बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, द्वितीय तल, जल संसाधन भवन, अनिसाबाद, पटना–800002
3. कोटेशन प्राप्ति की अंतिम तिथिः– दिनांक–28/03/2017 के अपराह्न 3:00 बजे तक ।
4. कोटेशन खोलने की तिथिः– दिनांक–28/03/2017 के अपराह्न 3:30 बजे (प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष) ।

नियम एवं शर्तें निम्नवत हैंः–

i. निविदादाता Car Rental/ Travel Agency/Firms के रूप में प्राधिकृत संस्थानों से निबंधित हों तथा जिनके पास वैध PAN उपलब्ध हो ।
ii. एजेन्सी का वाहन दो साल से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए ।
iii. वाहन का किराया सभी कर सहित दैनिक/मासिक दर के हिसाब से होनी चाहिए ।
iv. भाड़े के वाहन के रख–रखाव एवं चालक के भुगतान का दायित्व वाहन मालिक का होगा एवं चालक के पास प्राधिकृत पदाधिकारी के द्वारा निर्गत ड्राईविंग लाईसेंस अनिवार्य होगा ।
v. ईधन विभाग द्वारा वहन किया जाएगा ।
vi. वाहन से संबंधित कागजात यथा निबंधन टैक्स/बीमा कागजात आदि मोटर यान अधिनियम के अन्तर्गत अद्यतन होना चाहिए एवं जिसकी देयता की जिम्मेवारी पूर्णतया वाहन मालिक की होगी ।
vii. सेवा संतोषजनक नहीं होने पर अथवा वाहन खराब हो जाने पर वाहन मालिक का दायित्व होगा कि वे तुरंत वैकल्पिक वाहन उपलब्ध करायेंगे । अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो उस (अवधि) के भाड़े का भुगतान नहीं किया जायेगा ।
viii. भाड़े पर लिए गए वाहन की अवधि एकरारनामा की तिथि से एक वर्ष तक लिए होगी, तत्पश्चात अवधि विस्तार हेतु एकरारनामा के नवीनीकरण पर विचार किया जा सकता है ।
ix. संतोषजनक सेवा नही रहने की स्थिति में एक माह की नोटिस पर एकरारनामा रद्द किया जा सकता है ।
x. संयुक्त निदेशक, बाढ़ प्रबंधन सुधार सहायक केन्द्र, अनिसाबाद, पटना को सभी अथवा कुछ निविदा अस्वीकृत करने तथा एक से अधिक निविदा स्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा ।
xi. इच्छुक वाहन मालिक/एजेन्सी कोटेशन के साथ वाहन से संबंधित कागजात की स्वअभिप्रमाणित प्रति सहित सादे कागज पर लिखित आवेदन के साथ संलग्न करते हुए दिनांक–28.03.2017 के अपराह्न 3.00 बजें तक मुहरवंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करेंगे ।
xii. किसी भी विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में संपर्क किया जा सकता है ।

06/3/17

(नगण प्रसाद)
संयुक्त निदेशक